# कृषि फार्म काला खेड़ा पर मनाया गया किसान दिवस






अमरोहा (सब का सपना):- गुरुवार को जोया ब्लॉक के गांव कालाखेड़ा राजकीय कृषि बीज संवर्धन फार्म पर इफको द्वारा किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इफको क्षेत्राधिकारी अमरोहा प्रवीन सिंह, इफको उप महाप्रबंधक ब्रजवीर सिंह, कृषि उप निदेशक डॉ रामप्रवेश यादव और इफको एम सी से प्रेम सिंह ने भाग लिया। इफको क्षेत्राधिकारी प्रवीन ने गन्ना किसानों को नैनो उर्वरकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सागरिका, नैनो जिंक और नैनो कॉपर जैसे उत्पादों का प्रयोग करने से फसल की उत्पादकता बढ़ सकती है। उन्होंने गन्ने की फसल के लिए नैनो डीएपी का प्रयोग करने की सलाह दी। कृषि उप निदेशक डॉ रामप्रवेश यादव ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से जैविक खेती और रासायनिक उर्वरकों का संतुलित मात्रा में प्रयोग करने का आग्रह किया। इफको एम सी से प्रेम सिंह ने इफको के उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इफको के उत्पाद सस्ते और प्रभावी हैं। फार्म अधीक्षक जितिन चौधरी ने गेहूं की फसल पर लगाए गए डेमो के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के प्रयोग से अच्छी फसल ली जा सकती है। कार्यक्रम में इफको उपमहाप्रबंधक ब्रजवीर सिंह, कृषि उप निदेशक डॉ रामप्रवेश यादव, इफको क्षेत्राधिकारी अमरोहा प्रवीन सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला से डॉ सतपाल सिंह, इफको से अवधेश गोस्वामी, मोहित, दीपक और लगभग 80 किसान उपस्थित थे।

# नौगांवा क्षेत्र में 22 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद तालाब से मिला 6 साल के मासूम का शव





नौगांवा सादात/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के नौगांवा सादात क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को लापता हुए एक 6 वर्षीय है मासूम का शव 22 घंटे के सर्च अभियान के बाद एक तालाब से बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि 6 वर्षीय मासूम बुधवार को घर से साइकिल लेकर खेलने निकला था और संदीप परिस्थितियों में लापता हो गया था। इस मामले में पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सर्च अभियान के तहत मासूम के शव को तालाब से बरामद किया है। बता दें कि बुधवार की शाम को थाना नौगावां सादात क्षेत्र से सूचना प्राप्त हुई कि आतिफ पुत्र जलालुद्दीन, उम्र लगभग 06 वर्ष, निवासी ग्राम बीलना थाना नौगावां सादात, घर के बाहर साइकिल चलाते समय लापता हो गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नौगावां सादात पर घटना की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची एवं सभी संभावित पहलुओं पर गहन जांच की गई। जांच के दौरान बच्चे की साइकिल तालाब किनारे मिली। वहां मौजूद अन्य बच्चों से पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि एक बच्चा जो साइकिल चला रहा था, वह तालाब में गिर गया था। जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा बिना देरी किए त्वरित कार्यवाही प्रारम्भ की गई। प्रारंभिक स्तर पर गोताखोरों की सहायता से तालाब में खोजबीन कराई गई। तत्पश्चात घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया गया, जिनके द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया। साथ ही तालाब का जल स्तर कम करने हेतु टैंकरों की व्यवस्था कर पानी निकलवाने की कार्यवाही भी की गई।

# धनौरा में गेहूं की फसल की ग्रेस एप से कराई क्रोप कटिंग

## एसडीएम ने खेत में पहुंचकर डिजिटल तकनीक से किया उपज का आकलन





धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के मंडी धनौरा में गुरुवार को कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा क्षेत्र के गांव लिसड़ी में गेहूं की फसल का सस्य कटाई प्रयोग (क्रॉप कटिंग) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर कटाई कार्य का निरीक्षण किया और डिजिटल तकनीक से उपज का आकलन किया। बता दें कि निरीक्षण के दौरान एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार इस बार ग्रेस (GCES - General Crop Estimation Survey) एप के माध्यम से गेहूं की क्रॉप कटिंग कराई जा रही है। इस डिजिटल तकनीक का मुख्य उद्देश्य फसल की पैदावार के आंकड़ों को पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ दर्ज करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन आंकड़ों के आधार पर ही जिले और ब्लॉक स्तर पर औसत उपज का निर्धारण होता है, जो भविष्य में कृषि नीतियों और फसल बीमा के दावों के निपटान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।ग्राम लिसड़ी में एक निश्चित रकबे को चिन्हित कर गेहूं की कटाई की गई, जिसके बाद उसकी मड़ाई कर वजन किया गया। एसडीएम ने लेखपालों को निर्देश दिए कि वे क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और वास्तविक आंकड़ों को ही पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने किसानों से भी संवाद किया और उनसे खेती में आने वाली समस्याओं व सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली।इस अवसर पर कानूनगो जबर सिंह, लेखपाल लक्ष्मण सिंह टोलियां और तारकेश राणा, तथा चंद्रशेखर सैनी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इसी प्रकार रैंडम आधार पर खेतों का चयन कर क्रॉप कटिंग की जा रही है, ताकि क्षेत्र की कृषि उत्पादकता का सही खाका तैयार किया जा सके। एसडीएम के इस औचक निरीक्षण से राजस्व कर्मियों और किसानों में सक्रियता देखी गई।

# जनपद में उर्वरक कालाबाजारी पर सख्ती: 49 यूरिया बैग्स जब्त, एफआईआर दर्ज





अमरोहा (सब का सपना):- जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर जनपद में उर्वरक की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान तहसील हसनपुर के गांव खूँगावली थाना गजरौला में एक दुकान पर बिना किसी आवश्यक अभिलेख के 49 यूरिया बैग्स अवैध रूप से रखे हुए पाए गए। जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार, नायब तहसीलदार और थाना गजरौला की पुलिस टीम ने संयुक्त छापेमारी कर उक्त यूरिया बैग्स को सील कर दिया। उर्वरक के नमूने राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं और मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी जोत (भूमि) और फसल की संस्तुति के आधार पर ही उर्वरक खरीदें। अनावश्यक भंडारण न करें और जितनी वर्तमान जरूरत हो, उतना ही उर्वरक खरीदें। जल्दबाजी में ज्यादा उर्वरक न लें। चौपाल के माध्यम से भी किसान भाइयों को जागरूक किया जा रहा है। एक हेक्टेयर जमीन पर पूरे खरीफ सीजन के लिए अधिकतम 7 बैग यूरिया और 5 बैग फास्फेटिक उर्वरक ही लिया जा सकता है। तहसील नौगांवा सादात में उपजिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी अमरोहा, सहायक निबंधक सहकारिता और तहसीलदार द्वारा संबंधित अधिकारियों की बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।उर्वरक के आवागमन पर सतर्क निगरानी रखी जा रही है। ई-रिक्शा और ट्रकों का भी टीमों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि तहसील, विकास खंड और न्याय पंचायत स्तर पर उर्वरक निगरानी समितियां गठित कर दी गई हैं।

किसानों को उनकी जोत के अनुसार ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्ट किया कि जनपद में सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा और उर्वरक का उचित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। सहकारी समितियों, गन्ना समितियों और निजी विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमानुसार ही उर्वरक का विक्रय करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एनआईसी में अधिकारियों को दिया गया जनगणना का विशेष प्रशिक्षण



अमरोहा (सब का सपना):- प्रमुख जनगणना अधिकारी व जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देशों के क्रम में आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में आगामी 'जनगणना' (Ce»»fsus) को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी सात्विक शुक्ला, अपर जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी प्रांजल सरकारी, मास्टर ट्रेनर के रूप में अलोक कुमार (प्रवक्ता कंप्यूटर) एवं अमल यादव (प्रवक्ता कंप्यूटर) ने अपनी अहम भूमिका निभाई। एनआईसी की टीम द्वारा जिले के समस्त उपजिलाधिकारियों/ उप जनगणना अधिकारियों, समस्त चार्ज अधिकारियों, तहसीलदारों और अधिशासी अधिकारियों को जनगणना के डिजिटल चरणों, मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संकलन और पोर्टल पर जानकारी फीड करने की बारीकियों को भी विस्तार से समझाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी इस महत्वपूर्ण कार्य को तकनीकी रूप से शुद्ध और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।

# डीएम की अध्यक्षता में आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी सम्पन्न



अमरोहा (सब का सपना):- जनपद की आबकारी फुटकर दुकानों की द्वितीय चरण की ई-लॉटरी जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में गांधी सभागार जनपद अमरोहा में सम्पन्न हुई। जिला स्तरीय चयन समिति में पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि पुलिस क्षेत्राधिकारी नौगांवा सादात, आबकारी आयुक्त के नामित प्रतिनिधि सहायक आबकारी आयुक्त, प्रवर्तन-2 मुरादाबाद प्रभार मुरादाबाद एवं जिला आबकारी अधिकारी, अमरोहा उपस्थित रहे। ई-लाटरी के प्रथम चरण की अवशेष 02 दुकानों पर कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ तथा नवसृजित 08 दुकानों पर कुल 555 आवेदन प्राप्त हुए। द्वितीय चरण की ई-लाटरी की कुल-08 दुकानों के सफल आवेदको की सूची जिले की एन. आई.सी. वेबसाइट amroha.nic.inपर अपलोड की जा चुकी है। सफल आवेदक 03 कार्यदिवस में संचालन हेतु अपनी देयताएं / औपचारिकताएं कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी अमरोहा में आकर पूरी कर सकते है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, जिला आबकारी अधिकारी आवेदक साहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम निधि गुप्ता वत्स की स्मार्ट डिजिटल पहल, टास्क ऐप' और 'कोर्ट केस पोर्टल' से सुदृढ़ होगी प्रशासनिक निगरानी



अमरोहा (सब का सपना):- जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और गतिशील बनाने के लिए जिला सूचना-विज्ञान केंद्र (ठक्ळ) द्वारा दो नए डिजिटल समाधान तैयार किए गए हैं। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने 'टास्क मैनेजमेंट' मोबाइल ऐप और 'कोर्ट केस मॉनिटरिंग' वेबसाइट को प्रशासनिक स्तर पर लागू करने हेतु हरी झंडी दी है। मोबाइल ऐप के माध्यम से जिलाधिकारी अब सीधे फील्ड अधिकारियों को कार्य आवंटित कर सकेंगी, जिसकी प्रगति रिपोर्ट संबंधित अधिकारी अपनी लाइव लोकेशन के साथ रीयल-टाइम में भेज सकेंगे। वहीं, वेबसाइट के माध्यम से विभिन्न विभागों के अदालती मामलों की प्रभावी ट्रैकिंग की जाएगी, जिसमें सुनवाई की तारीख से पूर्व अधिकारियों को ऑटोमैटिक 'पॉप-अप' अलर्ट प्राप्त होगा। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी सात्विक शुक्ला और अपर जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी प्रांजल सरकारी की तकनीकी विशेषज्ञता से विकसित ये टूल्स अमरोहा जिला प्रशासन को पूरी तरह 'पेपरलेस' और 'रिजल्ट-ओरिएंटेड' वर्किंग कल्चर की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

# अभ्युदय कोचिंग का कमाल, अमरोहा की सृष्टि ने UPPCS-2024 में गाड़े झंडे





अमरोहा (सब का सपना):- सपनों को अगर सही मार्गदर्शन और संसाधनों के पंख मिल जाएं, तो आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां भी रास्ता नहीं रोक सकतीं। इसे सच कर दिखाया है अमरोहा की बेटी कुमारी सृष्टि ने। समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का लाभ उठाकर सृष्टि ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (UPPCS-2024) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। उनका चयन असिस्टेंट कमिश्नर (कमर्शियल टैक्स) के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। यह सफलता इस बात पर मुहर लगाती है कि प्रदेश के 75 जिलों में संचालित 166 प्रशिक्षण केंद्र कैसे गरीब और होनहार छात्र-छात्राओं के अधिकारी बनने के सपनों को हकीकत में बदल रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के नेतृत्व में प्रदेश भर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र चलाए जा रहे हैं, ताकि संसाधनों के अभाव में किसी की प्रतिभा दम न तोड़े। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और विभाग की निःशुल्क कोचिंग के जरिये ऐसे युवाओं को समान अवसर दिए जा रहे हैं। कुमारी सृष्टि की यह उपलब्धि इस बात का सशक्त प्रमाण है कि यदि युवाओं को सही समय पर बेहतरीन संसाधन और सटीक मार्गदर्शन मिले, तो वे किसी भी बड़ी और कठिन प्रतियोगिता में खुद को साबित कर सकते हैं। लखनऊ के गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन इन दिनों प्रशासनिक अधिकारियों की एक बड़ी नर्सरी बनकर उभरा है। भागीदारी भवन के संयुक्त निदेशक आनंद कुमार सिंह के मुताबिक, यहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को आवासीय कोचिंग दी जाती है। इस कोचिंग सत्र के दौरान छात्र-छात्राओं को रहने के लिए हॉस्टल, शुद्ध भोजन और पढ़ाई के लिए शानदार लाइब्रेरी की सुविधा एकदम मुफ्त मुहैया कराई जाती है। यहां सिर्फ पढ़ाना ही नहीं, बल्कि अंतिम चयन तक पहुंचाने पर जोर है। इसके लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा नियमित कक्षाएं ली जाती हैं और मुख्य परीक्षा पर खास फोकस करते हुए उत्तर लेखन (आंसर राइटिंग) का कड़ा अभ्यास व नियमित मॉडल टेस्ट करवाए जाते हैं। सिर्फ राजधानी में ही नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का दायरा पूरे प्रदेश में फैला हुआ है।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 166 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से यह योजना संचालित की जा रही है। इन केंद्रों पर न केवल यूपीएससी (UPSC) और यूपीपीएससी (UPPSC) जैसी प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कराई जाती है, बल्कि इंजीनियरिंग और मेडिकल के लिए जेईई (खएए) व नीट (NEET) तथा रक्षा सेवाओं के लिए एनडीए (NDA) और सीडीएस (CDS) जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसी व्यापक और सुदृढ़ नेटवर्क ने कुमारी सृष्टि जैसे अनेक होनहारों को एक नई दिशा दी है।

# धनौरा के ब्लॉक सभागार में भाकियू (असली) की मासिक बैठक का आयोजन

## खाद,गैस डिलीवरी एवं निजी स्कूलों में शोषण रोकने का उठा मुद्दा,दी आन्दोलन की चेतावनी



धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- तहसील सभागार में भारतीय किसान यूनियन (असली)की मासिक बैठक का आयोजन कराया गया। इस दौरान किसानों ने खाद की किल्लत, गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी में हो रही लापरवाही एवं निजी स्कूलों द्वारा किए जा रहे अभिभावकों के शोषण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चिंता व्यक्त करते हुए संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं को शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वह आने वाले समय में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

बता दें कि जनपद के धनौरा तहसील सभागार में गुरुवार को आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रवक्ता नरेश चौधरी ने निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधक ड्रेस और महंगी किताबों के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। संगठन ने मांग की कि हर विद्यालय में एनसीईआरटी (NCERT) की किताबें अनिवार्य रूप से लागू की जाएं। प्रशासन से उन स्कूलों पर कठोर कार्रवाई की भी मांग की गई, जो निर्धारित मानकों का उल्लंघन कर रहे हैं।मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने खाद की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहा है, जिसे तुरंत दूर किया जाना चाहिए। वहीं, गैस सिलेंडर के मुद्दे पर उन्होंने कहा, "जब सिलेंडर पर होम डिलीवरी अंकित है, तो उपभोक्ताओं को वितरण केंद्रों पर क्यों बुलाया जा रहा है?" उन्होंने प्रशासन से गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित कराने की मांग की।बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से जसपाल गिल सोनू, नन्हे सिद्धू, देशराज पालनपुर, दिनेश प्रधान, निहाली सैनी, खचेड़ू सिंह, सुरेश, दिनेश प्रधान अम्हेड़ा, रामवीर, जावेद मलिक, इश्तियाक अल्वी, श्यामवली यादव, कपिल त्यागी, जुल्फकार मल्लिक, धर्मपाल, यशपाल यादव, तुलाराम, समरपाल सिंह, हकीम उद्दीन अंसारी, ओमवीर सिंह और राजेन्द्र त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# गरीब जोड़े का निःशुल्क निकाह, समाज सेवा की बना मिसाल

## इंसानियत जन सेवा सहारा ट्रस्ट ने बिना दहेज कराई शादी, दिया सकारात्मक संदेश







संभल(सब का सपना):- जनपद के सराय तरीन क्षेत्र में इंसानियत जन सेवा सहारा ट्रस्ट द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए एक गरीब युवक-युवती का निःशुल्क निकाह कराकर समाज में मानवता और सहयोग की अनूठी मिसाल पेश की गई।

गुरुवार सुबह सराय तारीन के नवादा इलाके में माली बगिया के पास, नवाब गार्डन के सामने स्थित हाजी मुनाजिर उल्लाह के मकान पर सादगीपूर्ण तरीके से निकाह सम्पन्न कराया गया। इस नेक कार्य का आयोजन इंसानियत जन सेवा सहारा ट्रस्ट द्वारा किया गया, जो लगातार जरूरतमंदों की मदद और गरीब परिवारों की बेटियों की शादियां निःशुल्क कराने का कार्य कर रहा है। निकाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निदा अहमद और दीपा बाष्णेय उपस्थित रहीं। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत कर नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

इस निकाह की सबसे खास बात यह रही कि पूरी शादी बिना दहेज के सम्पन्न कराई गई, जिससे समाज में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश गया। ट्रस्ट की यह पहल न सिर्फ जरूरतमंदों के लिए सहारा बन रही है, बल्कि समाज में भाईचारे और इंसानियत को भी मजबूत कर रही है।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ, किशोरियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की ओर बड़ा कदम






बहजोई/संभल(सब का सपना):- भारत सरकार के देशव्यापी अभियान के तहत जनपद में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल में की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मिशन शक्ति के अंतर्गत पाँच किशोरियों पलाक्षी गुप्ता, आराध्या रस्तौगी, कनिष्का रस्तौगी, अक्सा रईस और अलिशबा द्वारा जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की उपस्थिति में किया गया।

प्रथम दिवस पर जिला संयुक्त चिकित्सालय में कुल 18 किशोरियों का सफल टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि यह अभियान एचपीवी संक्रमण के बोझ को कम करने और इससे होने वाली मृत्यु दर को घटाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि यह टीका अब तक 160 देशों में 50 करोड़ से अधिक लोगों को लगाया जा चुका है, जबकि बाजार में इसकी कीमत लगभग 4 हजार रुपये है, जो आम लोगों के लिए महंगा है। ऐसे में सरकार की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, मदरसों एवं स्कूल न जाने वाली 14 से 15 वर्ष आयु की किशोरियों से टीकाकरण कराने की अपील की और शिक्षकों से स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने का आह्वान किया। टीकाकरण के बाद सभी किशोरियों को डिजिटल वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने एचपीवी टीके के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर टीकाकरण से भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने चिकित्सकों से अपील की कि वे ओपीडी में आने वाले अभिभावकों को इस वैक्सीन के प्रति जागरूक करें और उनकी शंकाओं का वैज्ञानिक आधार पर समाधान करें। आईसीएमआर के नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम 2024 के अनुसार, देश में हर वर्ष लगभग 78 हजार नए सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं और 42 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु हो जाती है, जिनमें से लगभग 99 प्रतिशत मामलों का कारण एचपीवी संक्रमण है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज विश्नोई ने बताया कि जनपद संभल में करीब 27,153 किशोरियों को एचपीवी टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र सिंह ने एचपीवी संक्रमण के खतरे और उससे बचाव में वैक्सीन की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. अजफर कमाल, डॉ. मनमोहन शर्मा, संजीव राठौर, डॉ. सुनील त्यागी, शमशीर आलम, सुरजीत कुमार, फैजान अली, किरन वाल, पारूल गुप्ता सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# प्रकृति, गौवंश और समाज के समन्वित विकास पर कार्यशाला आयोजित




बहजोई/संभल(सब का सपना):- जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, डीडी कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी तथा सभी ब्लॉकों के किसान उपस्थित रहे।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जोधपुर से आए डॉ. राकेश निहाल (सचिव, गो संवर्धन आश्रम) ने प्रकृति, गौवंश और समाज के समन्वित विकास विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पंचमहाभूतों के संतुलन, यज्ञ आधारित पर्यावरण शुद्धि, गौ-आधारित खेती मॉडल, जल संरक्षण, नस्ल सुधार और बहु-स्तरीय वन विकास पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि गौवंश आधारित मॉडल, जैविक खेती, कचरा प्रबंधन और विभागों के समन्वय से न केवल पर्यावरण संरक्षण संभव है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

अधिकारियों ने इस मॉडल को अपनाकर जनपद में सतत विकास और स्वावलंबन को बढ़ावा देने पर बल दिया।

# पुलिस की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति फेज-05' अभियान





सम्भल(सब का सपना):- उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं,बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं नोडिल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी /सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को जनपद की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों,कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# गजरौला के अवंतिका पार्क में निशुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन,जांच के लिए लगी लोगों की भीड़





गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद की गजरौला नगर पालिका परिषद द्वारा अवंतिका पार्क में 'नमस्ते योजना' के अंतर्गत शारदा हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के विशेष सहयोग से एक भव्य निशुल्क स्वास्थ्य जांच उपचार शिविर का आयोजन कराया गया ।इस शिविर में नगर वासियों और पालिका कर्मचारियों के स्वास्थ्य का निशुल्क परीक्षण किया गया।

बता दें कि गुरुवार को आयोजित इस शिविर का शुभारंभ पालिका अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने फीता काटकर किया ।स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए नगर पालिका अध्यक्षा ने स्वयं अपना चेकअप कराया उनके साथ ही पूर्व विधायक एवं नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह एवं अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने भी चिकित्सा दल से अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा कर नागरिकों का उत्सवर्धन किया। ग्रेटर नोएडा से आए शारदा हॉस्पिटल के टीम प्रबंधक दीपक अग्रवाल ने स्वास्थ्य जांच टीम का नेतृत्व किया, स्वास्थ्य जांच शिविर में वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर जय किशन तिवारी ,डॉक्टर साहिल एवं डॉक्टर व उनकी टीम ने 320 मरीजों की जांच की ,शिविर में न केवल परामर्श दिया गया बल्कि जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के नगर वासियों के 20 आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाए गए। 'आईटीसी सुनहरा कल' के अंतर्गत पालिका के स्वच्छता प्रहरियों और कर्मचारियों सहित गहन स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया गया।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी पूर्व विधायक एवं नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह ,अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, लेखाकार आदेश कुमार, लिपिक इरशाद खान, रविंद्र सिंह, अजय शुक्ला, दीपू कुमार, विभोर जिंदल, आईटीसी कोऑर्डिनेटर यशपाल सिंह, शारदा हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर जय किशन तिवारी, डॉक्टर साहिल एवं शारदा हॉस्पिटल के टीम प्रबंधक दीपक अग्रवाल व उनकी टीम सभासद एवं समस्त पालिका कर्मी उपस्थित रहे।

# हापुड़ में पार्किंग स्टैंड के ठेकेदार ने मां-बेटों के साथ की मारपीट



हापुड़ (सब का सपना):- जनपद के एक अस्पताल में पार्किंग स्टैंड के ठेकेदार ने मां बेटों के साथ मारपीट केवल इसलिए कर दी कि तीमारदार ने पर्ची अपने भाई को दे दी थी और वह उसे लेकर घर चला गया था। इसके बाद मामला इतना बढ़ गया की दबंग ठेकेदार ने कुछ दबंगों के साथ मिलकर मां बेटों के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर दी। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई, पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

आपको बता दें कि मिली जानकारी के अनुसार देव नंदिनी अस्पताल में पार्किंग स्टैंड के ठेकेदार ने दबंग लोगों को बुलाकर मां-बेटों के साथ मारपीट की। मोहल्ला कवि नगर निवासी लोकेश की दादी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हैं। उनकी देखरेख के लिए युवक ने अपनी स्कूटी पार्किंग में खड़ी कर रखी दी और पार्किंग की पर्ची छोटे भाई को दे दी जिसके बाद उनका भाई भूलवश पर्ची अपने साथ लेकर चला गया लेकिन उसके बाद जब लोकेश स्कूटी लेकर जाने लगा तो पार्किंग ठेकेदार ने लोकेश से पर्ची मांगी। वहीं लोकेश ने कहा कि पर्ची मेरे छोटे भाई की जेब में भूल से चली गई है। इस पर पार्किंग ठेकेदार ने गाली देते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसका छोटा भाई पर्ची लेकर आया तो पार्किंग ठेकेदार को पर्ची दिखाई, लेकिन पार्किंग ठेकेदार ने दस-बारह दबंगो को बुलाकर दोनों भाई व उनकी मां के साथ गंदी-गंदी गाली देकर मारपीट की। जिसके बाद लोकेश ने मारपीट की सूचना तुरंत थाना हापुड़ देहात प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार को दी।

सूचना पाकर तुरंत ही थाना हापुड़ देहात प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच पड़ताल करते हुए उन्होंने पीड़ित परिवार को रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देकर जांच शुरू कर दी है।

# गजरौला पुलिस ने होटल में चोरी करने वाले युवक को किया गिरफ्तार,कब्जे से दो एल.ई.डी.बरामद

गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद की गजरौला पुलिस ने नगर के हाईवे किनारे स्थित होटल में चोरी करने वाले एक युवक को मैं दो एल.ई.डी. के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से बरामद हुई एलईडी टीवी की अनुमानित कीमत लगभग ₹10000 बताई जा रही है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। बता दें कि इस मामले में प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना गजरौला पर बुधवार को वादी पीयूष अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल निवासी मोहल्ला कायस्तान कस्बा व थाना हसनपुर,जनपद अमरोहा,हाल पता सुपरवाईजर स्वागत होटल कस्बा व थाना गजरौला जनपद अमरोहा की तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वागत होटल के कमरे से 02 अदद एल.ई.डी टीवी चुरा ले जाने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया ।विवेचना के क्रम मे घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज व साक्ष्य संलकन के आधार पर घटना कारित करने वाला अभियुक्त विकास पुत्र जगदीश नि0 मौहल्ला मायापुरी मण्डी के पास कस्बा व थाना गजरौला जनपद अमरोहा का नाम प्रकाश मे आया। बुधवार को सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना पर थाना गजरौला पुलिस द्वारा कस्बा गजरौला से स्वागत होटल से 02 एलईडी टीवी चोरी करने की घटना को अंजाम देना वाला अभियुक्त विकास पुत्र जगदीश नि0 मौहल्ला मायापुरी मण्डी के पास कस्बा व थाना गजरौला जनपद अमरोहा उम्र करीब 22 वर्ष को भानपुर फाटक के पास से मय 02 अदद एल.ई.डी टीवी के साथ गिरफ्तार किया गया ।इस मामले में पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में उसने बताया कि दिनांक 07 व 08 अप्रैल की रात्रि मे स्वागत होटल मे पार्टी चल रही थी पार्टी का लाभ उठाकर वह होटल के कमरे मे लगी 02 एल.ई.डी टीवी को उतारकर कम्बल मे छुपाकर चोरी कर ले आया था, जिन्हे वह आज बेचने जा रहा था। पुलिस द्वारा बरामदगी के आधार पर अभियोग मे धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी एवं गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

# महर्षि वन में असामाजिक तत्वों ने तोड़ी मूर्ति और लाइटें, प्राधिकरण ने कराई मरम्मत



बुलन्दशहर (सब का सपना):- ट्रांसपोर्ट नगर स्थित महर्षि वन पार्क में बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य के तहत लगाई गई बोलार्ड लाइटों और एक मूर्ति को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने रात के समय क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलने पर प्राधिकरण के क्षेत्रीय स्टाफ ने मौके का निरीक्षण किया।

जांच में पाया गया कि नुकसान खराब निर्माण सामग्री से नहीं बल्कि जानबूझकर तोड़फोड़ करने से हुआ है। प्राधिकरण ने बताया कि कार्य थर्ड पार्टी जांच में मानकों के अनुरूप पाया गया है। घटना के बाद संबंधित ठेकेदार ने क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदल दिया है और लाइटों की मरम्मत का काम जारी है। इस मामले में स्थानीय थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है और भविष्य में सुरक्षा के लिए पार्क में दो गार्ड तैनात किए जाएंगे। प्राधिकरण ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है।

# जिलाधिकारी ने ग्राम अम्हेड़ा के तालाब का निरीक्षण किया, अतिक्रमण हटाने और जीर्णोद्धार के दिए निर्देश



अमरोहा (सब का सपना):- जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बृहस्पतिवार को जोया ब्लॉक के ग्राम अम्हेड़ा में स्थित तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब से अतिक्रमण हटाने के लिए त्वरित कार्य योजना तैयार करने और एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चलाए जा रहे मिशन 500 के अंतर्गत इस तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे मूल स्वरूप में लाते हुए जल संग्रहण क्षमता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाने और तालाब की सफाई-सुधार का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्राम करनपुर के स्थानीय निवासियों ने हर घर जल योजना को लेकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि गांव में पाइपलाइन बिछा दी गई है, लेकिन अभी तक नियमित जल आपूर्ति शुरू नहीं हुई है।

जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए कि गांव में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, बीडीओ जोया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# किरतपुर सरकारी अस्पताल में लापरवाही उजागर, वार्ड बॉय से कराया जा रहा इलाज







किरतपुर/बिजनौर (सब का सपना):- सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला अस्पताल में कथित लापरवाही और अनियमितताओं से जुड़ा है, जहां मरीजों के इलाज को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. ईश्वरनंद की मौजूदगी में वार्ड बॉय शोभित द्वारा एक मरीज का इलाज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। चिकित्सा नियमों के अनुसार यह व्यवस्था पूरी तरह अवैध मानी जाती है, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग गया है। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मूलभूत चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। उनका कहना है कि मरीजों को दवाइयां बाहर से खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, वहीं ब्लड टेस्ट और अन्य जांच निजी लैब में कराने की सलाह दी जाती है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। यह भी आरोप है कि अस्पताल में पहले भी कई बार अव्यवस्थाओं की शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन सुधार के नाम पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और रखरखाव को लेकर भी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर वर्ष सौंदर्यीकरण के लिए बजट मिलने के बावजूद परिसर में गंदगी और अव्यवस्था बनी रहती है। इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बिजनौर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद जांच में लापरवाही बरती जा रही है। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। नागरिकों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# उदित प्रजापति की ऐतिहासिक सफलता पर उमड़ा जनसैलाब, स्वागत का सिलसिला जारी

## UPPSC में 105वीं रैंक हासिल कर बने नायब तहसीलदार, क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल



स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):- जनपद के स्योहारा क्षेत्र के ग्राम ठाटजट निवासी उदित प्रजापति ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) परीक्षा में 105वीं रैंक प्राप्त कर नायब तहसीलदार पद पर चयनित होकर इतिहास रच दिया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गांव से लेकर शहर तक बधाइयों का तांता लगा हुआ है और स्वागत-सम्मान का सिलसिला लगातार जारी है। उदित प्रजापति की सफलता को लेकर सामाजिक संगठनों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह प्रजापति अपने सहयोगियों के साथ उनके आवास पहुंचे, जहां उन्होंने फूल-मालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर मनजीत सिंह प्रजापति, मास्टर रामगोपाल सिंह प्रजापति, ऋषिपाल प्रजापति, हुकम सिंह प्रजापति, मास्टर शीशराम सिंह प्रजापति, चेतराम सिंह प्रजापति और दिनेश कुमार प्रजापति सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि उदित प्रजापति की यह सफलता केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है, जो आने वाली पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देगा।

राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह प्रजापति ने कहा कि उदित ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और सही दिशा में प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर आगे बढ़ना चाहिए। नवनियुक्त नायब तहसीलदार उदित प्रजापति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास ईमानदारी से किए जाएं, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। गांव-गांव में जश्न का माहौल उदित की सफलता के बाद क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। जगह-जगह उनका सम्मान किया जा रहा है और लोग उन्हें अपने बीच पाकर गर्व महसूस कर रहे हैं।

स्पष्ट है कि उदित प्रजापति की यह उपलब्धि केवल एक पद प्राप्त करने की कहानी नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और सफलता की प्रेरणादायक मिसाल बन गई है।

# दो वर्ष बाद कब्र से निकाला शव, पोस्टमार्टम को भेजा

## सऊदी में हुई मौत पर उठे सवाल, डीएनए जांच की मांग के बाद प्रशासन की कार्रवाई



किरतपुर/बिजनौर (सब का सपना):- करीब बीस माह पहले दफनाए गए युवक के शव को बुधवार को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामला ग्राम शकरपुरी निवासी तालिब पुत्र शगीर से जुड़ा है, जिसकी जुलाई 2024 में सऊदी अरब के रियाद में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

तहसील प्रशासन ने जिलाधिकारी के आदेश पर यह कार्रवाई की। नायब तहसीलदार अतुल भगत राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और मृतक के पिता शगीर अहमद व गांव के हाफिज की निशानदेही पर कब्र खुदवाकर शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया गया।

मृतक के पिता शगीर अहमद ने फरवरी माह में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बेटे की मौत पर संदेह जताया था। उनका कहना था कि 8 जुलाई 2024 को उनके पुत्र का शव सऊदी अरब में खजूर के पेड़ से लटका हुआ मिला था, जिसे आत्महत्या बताया गया। परिजनों का आरोप है कि भारत लाए जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया, जिससे मौत के वास्तविक कारण पर संदेह बना हुआ है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि जो शव भारत भेजा गया, वह उनके बेटे का ही है या नहीं—इसी की पुष्टि के लिए डीएनए टेस्ट की मांग की गई।

### दलाल पर धोखाधड़ी का आरोप

शगीर अहमद ने नेहटौर के एक कथित दलाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उसी के माध्यम से उनका बेटा अप्रैल 2024 में सऊदी अरब काम करने गया था। पिता के अनुसार, बेटे की मौत के कुछ दिन बाद रियाद में रह रहे उसके एक दोस्त ने एक ऑडियो भेजा था, जिसमें तालिब अपनी मां के लिए संदेश देते हुए कह रहा था कि उसे कैद कर रखा गया है और उस पर झूठा आरोप लगाकर फांसी देने की बात कही जा रही है।

परिजनों का आरोप है कि शुरूआत में दलाल ने न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया, लेकिन अब वह घटना को आत्महत्या बताकर पल्ला झाड़ रहा है।

### प्रशासन ने दिया कार्रवाई का भरोसा

नायब तहसीलदार अतुल भगत ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही डीएनए जांच की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जाएगी, जिससे सच्चाई सामने आ सके। इस दौरान राजस्व निरीक्षक अजय गुप्ता, लेखपाल देवेंद्र सिंह और थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### गांव में चर्चा, परिजनों को न्याय की उम्मीद

इस पूरे घटनाक्रम के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं हैं। परिजन अब पोस्टमार्टम और डीएनए रिपोर्ट के जरिए सच्चाई सामने आने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अब सबकी नजर रिपोर्ट पर टिकी है। क्या यह मौत वाकई आत्महत्या थी या इसके पीछे कोई साजिश छिपी है?

# बिजनौर में माफिया बनाम सियासत, सुभासपा मैदान में, ज्ञापन से गरमाया माहौल

## भाजपा नेता पर हमले का आरोप, कानून-व्यवस्था पर उठे तीखे सवाल



बिजनौर (सब का सपना):- जनपद में माफिया गतिविधियों और राजनीतिक टकराव के बीच अब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी खुलकर मैदान में उतर आई है। पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार राठौड़ के नेतृत्व में प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन ने न केवल प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है, बल्कि जिले की सियासत भी गरमा गई है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 1 अप्रैल 2026 को भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा भारतेंद्र सिंह पर माफिया तत्वों द्वारा हमला किया गया। इस घटना को लेकर रइरढ ने सीधे तौर पर कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पार्टी का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

रइरढ ने अपने ज्ञापन में जिले में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को लेकर भी चिंता जताई है। पार्टी के अनुसार अवैध कॉलोनियों का तेजी से विस्तार, जमीनों पर कब्जे, अवैध खनन, लकड़ी कटान जैसी गतिविधियां खुलेआम चल रही हैं, जिससे आम नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। इस मुद्दे पर पार्टी के कई प्रमुख नेता भी खुलकर सामने आए। प्रदेश महासचिव राजपाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर सहित रूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर अली, साबिर अंसारी और अहमद ने एकजुट होकर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि माफिया तत्वों पर जल्द और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने को मजबूर होगी।

इस घटनाक्रम ने जिले की राजनीति को एक नया मोड़ दे दिया है। एक ओर कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, तो दूसरी ओर राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। उनका कहना है कि अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस पूरे मामले में क्या कदम उठाता है। क्या माफिया पर शिकंजा कसेगा, या यह मामला भी सियासी शोर में दब जाएगा?

# बिजनौर का शातिर चोर एमपी में दबोचा, तालाब में छुपकर देता रहा पुलिस को चुनौती

## कमल के डंठल से ले रहा था सांस, RPF का मिलिट्री स्टाइल ऑपरेशन सफल



### गोताखोर बुलाकर चलाया ऑपरेशन

घटना की गंभीरता को देखते हुए पढक्रने तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और गोताखोर को बुलाया गया। कई घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद जैसे ही आरोपी पानी से बाहर आने की कोशिश में दिखा, जवानों ने उसे पकड़ लिया। पूरे ऑपरेशन को मिलिट्री स्टाइल में अंजाम दिया गया, जिसने सभी को हैरान कर दिया।


### बिजनौर का निवासी, 21 मुकदमों का आरोपी

पकड़ा गया आरोपी उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद का रहने वाला है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उसके खिलाफ 21 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह एक दर्जन से अधिक मामलों में वांछित चल रहा था। हैरानी की बात यह भी सामने आई है कि आरोपी पूर्व में पार्षद रह चुका है, जिससे उसके आपराधिक इतिहास पर और सवाल खड़े हो गए हैं। सतर्कता से टली बड़ी वारदात इस घटना ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था की चुनौतियों को एक बार फिर उजागर किया है। हालांकि पढक्रकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी चोरी की वारदात टल गई। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके नेटवर्क व अन्य आपराधिक मामलों की जांच भी तेज कर दी गई है।

बिजनौर (सब का सपना):- जनपद का एक शातिर इंटरस्टेट चोर मध्यप्रदेश के सिहोर जिले में फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार किया गया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए तालाब में कूद गया और कमल के खोखले डंठल से सांस लेकर घंटों तक पानी में छिपा रहा, लेकिन आखिरकार रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (RPF) के जवानों ने उसे धर दबोचा।

RPF थाना प्रभारी राजीव खरब के अनुसार, मध्यप्रदेश के सिहोरा रेलवे स्टेशन पर तैनात जवानों ने सुबह करीब 4:50 बजे ट्रेन संख्या 11753 से एक संदिग्ध युवक को उतरते देखा। निगरानी करने पर पता चला कि वह ट्रेन में एक महिला का पर्स चुराने की कोशिश कर रहा था। जैसे ही जवानों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, आरोपी मौके से भाग निकला और पास के बाजार क्षेत्र में स्थित काई से भरे तालाब में कूद गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने बेहद चौंकाने वाला तरीका अपनाया—वह पानी के भीतर छिपा रहा और सांस लेने के लिए कमल के डंठल का सहारा लेता रहा।

# करौली गांव में दर्दनाक हादसा, ई रिक्शा की चपेट में आने से पांच साल के बच्चे की मौत



मंडावली/बिजनौर (सब का सपना):- जनपद के मंडावली क्षेत्र के करौली गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया, जहां ई-रिक्शा की टक्कर से पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था और अचानक पीछे की ओर आ रहे ई-रिक्शा की चपेट में आ गया।

मृतक की पहचान शौर्य (5 वर्ष) पुत्र अर्जुन सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा चालक ने बिना पीछे देखे वाहन बैक किया, जिससे शौर्य को जोरदार टक्कर लग गई। हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण तुरंत बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिससे परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश में दबिश दी जा रही है।

परिजनों के अनुसार, शौर्य अपनी सात बहनों का इकलौता भाई था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि चालक नशे की हालत में था और लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। गांव में घटना के बाद शोक और गुस्से का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह हादसा एक बार फिर लापरवाही से वाहन चलाने के खतरनाक परिणामों की ओर इशारा करता है।

# नूरपुर में 15 -20 हमलावरों ने घर में घुसकर बरपाया कहर, पिता-पुत्र गंभीर घायल



नूरपुर/बिजनौर (सब का सपना):- दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां 15-20 लोगों के झुंड ने एक घर में घुसकर जमकर मारपीट की। इस हमले में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। जनपद के थाना नूरपुर क्षेत्र में युसूफ नगर पीपला जागीर निवासी मोहम्मद अनीस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना के समय उनके बहनोई और साले घर पर मौजूद थे। तभी सफीक अहमद पुत्र बशीर अहमद अपने बेटों और अन्य लोगों के साथ कई गाड़ियों में सवार होकर मौके पर पहुंचे और आते ही गाली-गलौच करते हुए हमला बोल दिया।

पीड़ित के अनुसार, हमलावरों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की धमकियां भी दीं। हमले में मोहम्मद अनीस और उनके बेटे मोहम्मद अनस के सिर व हाथ में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अनीस को भी अंदरूनी चोटें लगी हैं। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हमलावर गाड़ियों से उतरकर हंगामा करते, गाली-गलौच और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में घर के गेट और चैनल को जबरन तोड़ने की कोशिश भी साफ दिखाई दे रही है, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना नूरपुर पुलिस ने एक नामजद आरोपी सहित 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि खुलेआम इस तरह की दबंगई कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। अब सबकी नजर पुलिस कार्रवाई पर टिकी है कि आरोपियों पर कितनी जल्द और कितनी सख्त कार्रवाई होती है।

# फीस वृद्धि, किताबों की लूट पर उठाई आवाज, शिवसेना का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



बिजनौर (सब का सपना):- जनपद में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ शिवसेना ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्राइवेट स्कूल शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का खुला शोषण कर रहे हैं और प्रशासन इस पर प्रभावी नियंत्रण नहीं कर पा रहा है।

शिवसैनिकों ने कहा कि निजी स्कूलों में हर वर्ष मनमाने तरीके से फीस बढ़ाई जा रही है। इसके अलावा किताबों को ओवर रेट पर बेचने, ड्रेस को केवल स्कूल से ही खरीदने का दबाव बनाने और हर साल बिल्डिंग फीस के नाम पर अतिरिक्त वसूली करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि छात्रों के नवीनीकरण (री-एडमिशन) के नाम पर हर वर्ष दोबारा शुल्क लिया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। इससे मध्यम और निम्न वर्ग के अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।

शिवसेना ने जिलाधिकारी से मांग की कि प्राइवेट स्कूलों की फीस संरचना की जांच कराई जाए। किताबों और ड्रेस की अनिवार्यता खत्म कराई जाए। अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। दोषी स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, युवा जिला प्रमुख विजय मोहन गुप्ता, शोभित गुर्जर, धर्मवीर सिंह तोमर, डॉ. दिनेश कुमार, मनीत, अरुण कुमार, भूपेंद्र कुमार, आंतरिक कौशिक, शशि कुमार, विपुल चौधरी, संदीप चौहान, तुषार रस्तोगी, मनजीत चौधरी सहित कई शिवसैनिक मौजूद रहे।

प्रदर्शन के बाद अभिभावकों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले में ठोस कदम उठाएगा और निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगेगा। फिलहाल, यह मुद्दा जिले में तेजी से चर्चा का विषय बन गया है और सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन सौंपा

बुलन्दशहर (सब का सपना):- प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस और किताबों-यूनिफॉर्म में कथित कमीशनखोरी के विरोध में शिवसेना कार्यकताओं ने 9 अप्रैल को काला आम स्थित मलका पार्क में एकत्र होकर प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।




जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा ने आरोप लगाया कि निजी स्कूलों में किताबों, जूतों और बैग पर भारी कमीशन लिया जा रहा है तथा पहले से पढ़ रहे बच्चों का दोबारा एडमिशन कर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि ऐसे स्कूलों की जांच कर दोषी संस्थानों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं और संबंधित दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

इस दौरान राजकुमार गिरी, नीलम भाटी, उषा राजपूत, सरोज रानी, सुधीर सैनी, अरुण लोधी, मीनाक्षी चौधरी, मनोज सैनी, श्यामलाल गिरी, जय भगवान फौजी, निशांत ठाकुर, रानी देवी, मासूम ठाकुर, बबलू गिरी, राजीव सिंह सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय पर बाबा साहब अंबेडकर जयंती को PDA संकल्प दिवस के रूप में मनाने की तैयारी।

बुलन्दशहर (सब का सपना) चंद्रपाल सिंहः- विधानसभा क्षेत्र 65 के अंतर्गत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को PDA संकल्प दिवस के रूप में मनाने को लेकर समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष ने की, जबकि संचालन चौ. चंद्रपाल सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष, मजदूर सभा) ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष मतलूब अली तथा विशिष्ट अतिथि कृष्ण पाल सिंह यादव उपस्थित रहे।




जिला उपाध्यक्ष अनिल पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि विधानसभा क्षेत्र में लगभग 30 स्थानों पर बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार PDA संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में विजेश शर्मा, नवाब शाह जलाली, लियाकत अली, दानिश खान, सुन्दर विनीत राणा, चरन सिंह राजपूत, हाजी अख्तर, दिलशाद, यामिन, अनिल जुगसता, मो. रियाज, समीता सिंह, हामिद अली, रामकुमार यादव, अमित त्यागी, मंगल सिंह यादव, अशोक, मो. सज्जाद, वेद प्रकाश, कासिम प्रधान, सुहैल अबरार, मो. शफीक, मो. वहीद, एमडी खान, विद्या सिंह, आमिर महमूद, इरफान खान, संजीव गुर्जर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्षेत्र से आए लोगों की विधायक ने समस्या का किया समाधान

खुर्जा/बुलंदशहर (सब का सपना):- जनपद के खुर्जा स्थित अपने कैंप कार्यालय पर विधायक मीनाक्षी सिंह ने खुर्जा विधानसभा के सम्मानित क्षेत्रवासियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं देवतुल्य कार्यकताओं से शिष्टाचार भेंट की एवं उनकी समस्याओं से अवगत होकर समसयाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि



क्षेत्रवासियों का स्नेह और विश्वास ही हमारी ताकत है और जनसेवा ही हमारा संकल्प है।

# भाकियू अन्नदाता के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

शिकारपुर/बुलंदशहर (सब का सपना)मुकेश आर्यः- भाकियू अन्नदाता के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा के नेतृत्व में एक ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार अक्षय दहिया को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि शिकारपुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति,बिजली के स्मार्ट मीटर न लगाने एवं निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की गई है। हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि के कारण क्षेत्र की फसलों को अत्यधिक नुकसान हुआ है। गेहूं, सरसों एवं अन्य खड़ी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है।साथ ही, क्षेत्र में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए



जा रहे हैं, जिनसे किसानों को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। किसान इसका विरोध करते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को रोका जाए।इसके अतिरिक्त, निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से महंगी किताबें लगाई जा रही हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक भार बढ़ रहा है। सभी स्कूलों में केवल एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य की जाएं तथा निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्त रोक लगाई जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा ने कहा है कि प्रभावित क्षेत्र का शीघ्र सर्वे कराया जाए।किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।कृषि ऋण में राहत दी जाए।ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।सभी स्कूलों में ठउएफ्ळ की किताबें अनिवार्य की जाएं।निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्त कार्रवाई की जाए। तथा किसानों एवं आम जनता की इन गंभीर समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र उचित कार्यवाही मांग की है। इस मौके पर महेश मीणा राष्ट्रीय रमेश प्रजापति, ठाकुर केपी सिंह बंसी वाले जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा आसिफ बबली सैफी राजीव चौधरी हुकम सिंह गौतम बैधजी, नीरज प्रजापति हरीश पंडित राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# गुलावठी में लोजपा (रामविलास) जिला महासचिव का जोरदार स्वागत

गुलावठी/बुलंदशहर (सब का सपना) :- लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के बुलंदशहर जिला महासचिव खुर्शीद आलम एवं नूरुद्दीन कुरैशी के आगमन पर गुलावती नगर में समाजसेवी सचिन वर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने दोनों नेताओं को पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया और सम्मान प्रकट किया। अपने स्वागत से गदगद जिला महासचिव खुर्शीद आलम ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान पार्टी का संस्कार है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा



चुनाव में पार्टी अपने प्रत्याशी खड़ा करेगी और जीत हासिल कर सत्ता में भागीदारी करेगी।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी जाति धर्म से ऊपर उठकर जन-जन का सम्मान करने वाली पार्टी है।

जो राष्ट्रहित के मुद्दों पर लगातार काम कर रही है।

इस कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। जिला महासचिव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# अंबेडकर जयंती के दृष्टिगत थाना खुर्जा नगर परिसर में की गयी पीस कमेटी की मीटिंग

बुलंदशहर (सब का सपना):- जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार थाना खुर्जा नगर परिसर में क्षेत्राधिकारी खुर्जा शोभित कुमार द्वारा अंबेडकर जयंती के दृष्टिगत आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने हेतु सर्व-समाज की बैठक आयोजित की गयी जिसमे सभी वर्गो के लोगों तथा अंबेडकर जयंती पर होने वाले कार्यक्रम के आयोजको द्वारा भाग



लिया गया । इस गोष्ठी मे उपस्थित अधिकारीगण द्वारा आयोजनकर्ता से कहा गया कि त्यौहार को परम्परागत रुप से मनाया जाये कोई भी नयी परम्परा शुरू न की जाये ।

सभी लोगो से मिलजुल कर रहने तथा त्यौहार को शान्तिपूर्ण रुप से मनाने एवं आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने की अपील की गयी जिस पर गोष्ठी मे मौजूद सभी वर्गो के संभ्रान्त लोगो द्वारा मिल जुलकर रहने व शान्ति बनाये रखने का आश्वासन दिया गया । इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक खुर्जा नगर मौजूद रहे ।

## फतेहगढ़ साहिब में कांग्रेस जिला प्रधान ने टिकट पर किया बड़ा दावा



पंजाब : पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज होती नजर आ रही हैं। पंजाब विधानसभा चुनाव में अगले साल होने जा रहे और पंजाब पॉलिटिकल पर कांग्रेस के भीतर दावेदारी की दौड़ तेज हो गई है। इसी बीच फतेहगढ़ साहिब से कांग्रेस के जिला प्रधान सुरिंदर सिंह रामगढ़ का एक बयान चर्चा में आ गया है। उन्होंने कुलजीत नागरा को पार्टी टिकट देनेका दावा किया है। कांग्रेस जिला प्रधान ने साफ संकेत देते हुए कहा कि पूर्व विधायक कुलजीत नागरा को पार्टी की ओर से टिकट दिए जाने की संभावना तय मानी जा रही है। उन्होंने कहा कि, कुलजीत सिंह नागरा की टिकट किसी भी कीमत काटी नहीं जाएगी, इनकी टिकट पक्की है। नागरा वर्किंग कमेटी के मैंबर हैं और बाहर की संगठन सिर्जन के कई स्टेटों के इंचार्ज रहे हैं। वहीं इस टिकट के अन्य दावेदार इशरप्रीत सिंह सिद्धू जोकि NSUI के प्रधान हैं। बताया जा रहा है कि, इशरप्रीत सिंह ने पहले राहुल गांधी और अब पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल के साथ तस्वीरें साझा करके फतेहगढ़ साहिब सीट से अपनी दावेदारी ठोकी है। लेकिन, जिला प्रधान सुरिंदर सिंह ने NSUI से जुड़े इशरप्रीत सिंह को सलाह दी कि वे अपनी राजनीतिक गतिविधियां पार्टी की मयार्दा के भीतर ही रखें। रामगढ़ ने अनुशासन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए यह भी कहा कि यदि पार्टी लाइन से हटकर कोई कदम उठाया गया तो इसकी शिकायत हाईकमान तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित नेता को संदेश भी भेजा जा चुका है। पंजाब विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीने बचे हैं और फतेहगढ़ साहिब सीट पर कांग्रेस के भीतर दावेदारी की दौड़ तेज हो गई है।

## कोटकपूरा गोलीकांड केस की सुनवाई अब चंडीगढ़ में, हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

चंडीगढ़ः कोटकपूरा गोलीकांड से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस मामले में अहम आदेश जारी करते हुए केस को चंडीगढ़ की जिला अदालत में ट्रांसफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी पूर्व पुलिस अधिकारी चरणजीत शर्मा और परमराज उमरानंगल द्वारा दायर याचिका में मांग की गई थी कि मामले को पंजाब से बाहर किसी निष्पक्ष अदालत में स्थानांतरित किया जाए। क्या है मामला? साल 2015 में बेहबल कलां और कोटकपूरा में हुई बेअदबी की घटनाओं के बाद शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही संगतों पर पुलिस द्वारा फायरिंग की गई थी। इस घटना में कई लोग घायल हुए थे, जबकि दो सिख युवकों की मौत हो गई थी। इस मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी (SIT) ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, सुखबीर सिंह बादल सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को नामजद किया था। निष्पक्ष सुनवाई की उम्मीद हाईकोर्ट का मानना है कि केस को चंडीगढ़ स्थानांतरित किए जाने से ट्रायल में तेजी आएगी और निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित हो सकेगी। इस फैसले के बाद पंजाब की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज होने की संभावना है, क्योंकि यह मामला लंबे समय से भावनात्मक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील रहा है। अब फरीदकोट अदालत से केस का पूरा रिकॉर्ड चंडीगढ़ की सत्र अदालत में भेजा जाएगा, जहां इस मामले की अगली सुनवाई होगी।

# शराब का ठेका बंद करो, सरकार होश में आओ जैसे नारों से गूंजा इलाका, लोगों का उग्र प्रदर्शन

लुधियाना : पवेलियन मॉल के नजदीक और चर्च के बाहर शराब का ठेका खोले जाने को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला। ठेका खुलने की खबर फैलते ही इलाके के निवासी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए और इसके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए ठेका तुरंत बंद करने की मांग उठाई। मिली जानकारी के अनुसार, चब्बरा ग्रुप द्वारा यहां नया शराब का ठेका खोला जा रहा था, जो एक तरफ रिहायशी इलाके और दूसरी तरफ चर्च के बिल्कुल पास स्थित है। इस कारण लोगों में गहरी नाराजगी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि धार्मिक स्थल के बाहर इस तरह का ठेका खोलना न केवल आस्था के खिलाफ है, बल्कि इससे इलाके का सामाजिक माहौल भी बिगड़ सकता है। प्रदर्शन में महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी देखने को मिली। महिलाओं ने खुलकर विरोध जताते हुए कहा कि इस रास्ते से रोजाना बच्चे, बुजुर्ग और परिवार गुजरते हैं, ऐसे में शराब का ठेका




खुलना सुरक्षा और समाज दोनों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत इस फैसले को वापस लेने की मांग की।

विरोध के दौरान स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर जाम लगा दिया। इसके चलते एक साइड की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई, जबकि दूसरी ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। काफी देर तक ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित रही और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।मौके पर ठेका बंद करो, सरकार होश में आओ और धार्मिक स्थलों का सम्मान करो जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही ठेका बंद नहीं कराया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और बड़े स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। हालांकि, देर तक चले इस हंगामे के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस बयान सामने नहीं आया है। लोगों की मांग है कि प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप कर इलाके में शांति बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाए।

# जालंधर में पीएनबी बैंक में लूट का मामला, पूर्व डीएसपी के बेटे ने पूछताछ में किया खुलासा

जालंधर : कुक्की ढाब में पीएनबी में हुई लूट के मामले में गिरफ्तार किए पूर्व डी.एस.पी. के बेटे से पूछताछ की बड़ा खुलासा हुआ। सूत्रों की माने तो पुलिस की पूछताछ में पता लगा कि पूर्व डी.एस.पी. के बेटे पर नशा तस्करों का उधार चढ़ गया था। वह नशा उधर में लेता था लेकिन आमदन न होने के कारण वह उधार उतार नहीं पाया जबकि नशा तस्कर उससे लगातार अपने पैसे मांग रहे थे। इसी के चलते सिमरनजीत सिंह निवासी ग्रीन मॉडल टाऊन ने अपने पुराने नौकर दीपा को साथ मिला कर बैंक में लूट की साजिश रची। दोनों को पता था कि बैंक मेंकोई सिक्योरिटी गार्ड भी नहीं है। ऐसे में सिमरनजीत सिंह ने अपने पूर्व डी.एस.पी. पिता की सर्विस रिवॉल्वर कर सोमवार को



दिन दिहाड़े वारदात को अंजाम दे दिया।उधर इस मामले में फरार चल रहे दीपा की तलाश में पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी की। दीप की गिरफ्तारी के साथ साथ उससे बाकी के 3 लाख रुपए बरामद करने है। पुलिस के उच्च अधिकारियों का कहना है कि लगातार दीपा की तलाश की जा रही है। वहीं तीन दिन के रिमांड पर लिए सिमरनजीत सिंह से पुलिस पूछताछ कर रही है।बता दें कि सोमवार दोपहर नकाबपोश दो लुटेरों ने कुक्की ढाब में बैंक में घुस कर कैशियर को गन प्वाइंट पर लेकर करीब 6 लाख रुपए लूट लिए थे। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो रास्ते में कपड़े बदलने और नकाब हटाने के बाद नकोदर रोड की तरफ जाते लुटेरे सी.सी.टी.वी. कैमरों में कैद हो गए थे। पुलिस ने मल्टीपल सोर्सेस और टेक्निकल सोर्सेस की मदद से सिमरनजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया जो पूर्व डीएसपी का बेटा निकला। आरोपी ने पूछताछ में माना कि उसने यह वारदात अपने पुराने नौकर दीपा के साथ मिल कर की थी। पुलिस ने सिमरनजीत सिंह से लूटे हुए पैसों से तीन लाख रूपए और वारदात में इस्तेमाल की पिस्टल व तीन गोलियां बरामद की थी। आरोपी सिमरनजीत खिलाफ फ्रॉड और नशे का एक एक केस दर्ज था।

## पंजाब के जिला मोगा के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, बच्चों को भेजा घर

मोगाः पंजाब भर में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियों के बीच मोगा में भी एक संवेदनशील मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार आज मोगा के 3 निजी स्कूलों को धमकी भरी ईमेल प्राप्त हुई, जिससे




इलाके में हड़कंप मच गया। इनमें गांव महिमे वाला के पास स्थित नारायणा स्कूल सहित अन्य दो प्राइवेट स्कूल शामिल हैं। ईमेल में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। जैसे ही स्कूल प्रबंधन को इसकी जानकारी मिली, तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत स्कूल खाली करवाया गया और बच्चों को घर भेज दिया गया। साथ ही अभिभावकों को फोन कर बच्चों को स्कूल से ले जाने के लिए कहा गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं और स्कूलों की पूरी तलाशी ली गई। फिलहाल किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद मोगा के अन्य स्कूलों में भी दहशत का माहौल है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मोगा के कुछ सरकारी स्कूलों को भी इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं, जिससे प्रशासन की चिंता बढ़ गई है।

